Meil

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26-अरेरा हिल्स किसान भवन भोपाल

क्रमांक/मंडी/सम्पदा/विविध/46/40/पार्ट-3/774 भोपाल दिनांक 19/07/2022

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति, .................. (समस्त)
जिला .......................(समस्त)

विषय- विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये शासकीय भवनों/परिसंपत्तियों के उपयोग के संबध में।

संदर्भ- म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक/702/2022/14/एजीआर/(87716) दिनांक 18.05.2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत् संलग्न संदर्भित पत्र अनुसार म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये शासकीय भवनों/परिसंपत्तियों के उपयोग के संबध में जनसंपर्क विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र के साथ संलग्न कार्यवाही विवरण प्रेषित करते हुये पत्र में अपेक्षित विषय पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने का लेख किया गया है।

अत: आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त सबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

अपर संचालक(प्रांगण/सम्पदा)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/मंडी/सम्पदा/विविध/46/40/पार्ट-3/775 भोपाल दिनांक 19/07/2022

प्रतिलिपी:-

1- अवर सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रालय भोपाल की ओर पत्र क्रमांक/702/2022/14/एजीआर/(87716) दिनांक 18.05.2022 के संदर्भ में सूनचार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- अपर सचिव, म.प्र. शासन जनसंपर्क विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
3- संयुक्त संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय.........(समस्त)

अपर संचालक(प्रांगण/सम्पदा)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

File No.AGR/11/0305/2021-Sec-2-14(AGR)

मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय भोपाल

क्रमांक: 702/2022/14(AGR) (87716) 18/05/2022

प्रति,

1. संचालक

   किसान कल्याण तथा कृषि विकास/कृषिअभियांत्रिकी/राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान, म.प्र.भोपाल।

2. प्रबंधक संचालक,

   म0प्र0राज्यकृषि विपणन बोर्ड/ म0प्र0राज्य बीज एवं फर्म विकास निगम/ म0प्र0राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था/ म0प्र0राज्यजैविक प्रमाणीकरण, भोपाल (म.प्र)

3. कुलसचिव ज0ने0कृ0वि0वि0 जबलपुर/रा0वि0सिं0कृ0वि0वि0, ग्वालियर, म.प्र.।

विषय:- विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए शासकीय भवनों/परिसंपत्तियों के उपयोग के संबंध में।

संदर्भ:- मध्यप्रदेश शासन जनसंपर्क विभाग मंत्रालय भोपाल से प्राप्त पत्र क्रमांक/694/1465/2021/जस/24 दिनांक 20/04/2022

--00--

कृपया संलग्न संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। पत्र में अपेक्षित विषय पर नियमानुसार कार्यवाही कर समय सीमा में अवगत कराने हेतु अनुरोध है।

संलग्न- उपरोक्तानुसार

Signed by Jitendra Singh Parihar
Date: 18-05-2022 12:55:51
Reason: Approved

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
क्र. Mail/470 दि. 18/5/2022
शाखा ADd (प्रशा/उप) सचिव
निज. प्रबंध संचालक

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
क्र. 222 दिनांक 26/05/2022
शाखा D.D. (प्रशा/उप)
निज सहायक अपर संचालक

1749

64?843/2022/14(Sec-2)

(21)

मध्यप्रदेश शासन,

जनसंपर्क विभाग,

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक/ 694 /1465/2021/जस/24 भोपाल, दिनांक 20.04.2022

21/4/2022

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
समस्त विभाग

विषय:- विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय भवनों/ परिसरों/ परिसंपत्तियों के उपयोग के संबंध में।

--00--

शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय भवनों / परिसरों/ परिसंपत्तियों मैं उपलब्ध स्थान का उपयोग किये जाने के संबंध में मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08 अप्रैल, 2002 को बैठक आयोजित की थी।

उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न प्रेषित है।

(डॉ. एच.एल. चौधरी)
अपर सचिव,
म.प्र. शासन, जनसंपर्क विभाग

पृ0:क्र/ 695 /1465/2021/जस/24 भोपाल, दिनांक 20.04.2022

21/4/2022

प्रतिलिपि:

1. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

SO/EF
Pl. sent to All HOD for n/a.

21/4/22

अपर सचिव,
म.प्र. शासन, जनसंपर्क विभाग

**मध्यप्रदेश शासन,**
**जनसंपर्क विभाग,**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल**

// कार्यवाही विवरण //

शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय भवनों, परिसरों एवं अन्य परिसंपत्तियों में उपलब्ध स्थान का उपयोग करने के संबंध में मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08 अप्रैल 2022 को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निम्नानुसार विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे:-

श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग

श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव/ आयुक्त जनसंपर्क

डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

श्री धनजंय भदौरिया, सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

श्री संजय गोयल, सचिव, राजस्व विभाग

श्री एस.धनराजू, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग

श्री आशुतोष प्रताप सिंह संचालक, जनसंपर्क विभाग

बैठक में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि :-

- सभी प्रमुख विभागों के भवनों में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाये।

  **(समस्त विभाग)**

- शासकीय भवनों, परिसरों एवं अन्य परिसम्पत्तियों पर विभाग द्वारा की जा रही प्रचार-प्रसार कार्य की अद्यतन स्थिति "दृष्टि एप" पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाये।

  **(सभी संबंधित विभाग)**

- प्रचार-प्रसार के कार्यों की समीक्षा "दृष्टि एप" में अपलोड गतिविधियों के आधार पर की जायेगी। एप में अपलोड जानकारी ही प्रामाणिक मानी जायेगी।

  **(सभी संबंधित विभाग)**

- भवनों पर प्रचार-प्रसार के लिये डिजिटल वॉल पेंटिंग्स का ज्यादा उपयोग किया जायें। इससे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें।

  **(समस्त विभाग)**

- संपन्न करवाये गये प्रचार-प्रसार कार्य की प्रति सप्ताह ...

64-843/2022/14(Sec-2)

- नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा किये गये प्रचार-प्रसार कार्यों को दृष्टि ऐप पर अपलोड कराया जायें।

**(नगरीय आवास एवं विकास विभाग)**

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत भवन पर अनिवार्यत: डिजिटल वॉल पेंटिंग्स करवायी जाये।

**(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)**

- राजस्व विभाग की योजनाओं का टप्पा स्तर तक प्रचार-प्रसार किया जाये। साथ ही सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर योजनाओं का कम से कम एक होर्डिंग्स शीघ्र लगाये।

**(राजस्व विभाग)**

- सभी गोदामों, कृषि उपज मंडियों, सहकारी वितरण केन्द्रों आदि का प्रचार-प्रसार कार्य में उपयोग किया जाये।

**(खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग)**

- स्वास्थ्य विभाग के समस्त भवनों, परिसरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी प्रचार-प्रसार किया जाये।

**(लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)**

इस अवसर पर डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बताया कि प्रारंभ में जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों में सेंट्रलाइज्ड डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड इंस्टाल कराये जा रहे हैं।

प्रारंभ में श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव जनसम्पर्क विभाग ने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार का एक चरण पूर्ण हो गया है तथा द्वितीय चरण शुरू हो रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विभागीय स्तर पर सभी निकायों में प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा चुका है।

सभी विभाग उक्त निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(डॉ. एच.एल. चौधरी)
अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, जनसम्पर्क विभाग